# M.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE MAIN EXAMINATION – 2015

अनुक्रमांक/Roll No. | | | | |

Total No. of Questions : 14
कुल प्रश्नों की संख्या : 14

No. of Printed Pages : 5
मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 5

## CIVIL LAW & PROCEDURE
## व्यवहार विधि एवं प्रक्रिया

### First Question Paper
### प्रथम प्रश्न–पत्र

समय – 3:00 घण्टे
Time Allowed – 3:00 Hours

पूर्णांक – 100
Maximum Marks – 100

**निर्देश :–**
**Instructions :-**

1. All questions are compulsory. Answers to all the Questions must be given in one language either in Hindi or in English. In case of any ambiguity between English and Hindi version of the question, the English version shall prevail.
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी एक भाषा में ही देने हैं। यदि किसी प्रश्न के अंग्रेजी और हिन्दी पाठ के बीच कोई संदिग्धता है, तो अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

2. Write your Roll No. in the space provided on the first page of Answer-Book or Supplementary Sheet. Writing of his/her own Name or Roll No. or any Number or any mark of identification in any form in any place of the Answer Book not provided for, by which the Answer Book of a candidate may be distinguished/ identified from others, is strictly prohibited and shall, in addition to other grounds, entail cancellation of his/her candidature.
   उत्तर पुस्तिका अथवा अनुपूरक शीट के प्रथम पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर ही अनुक्रमांक अंकित करें। उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त किसी स्थान पर अपना नाम या अनुक्रमांक अथवा कोई क्रमांक या पहचान का कोई निशान अंकित करना जिससे कि परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को अन्य उत्तर पुस्तिकाओं से अलग पहचाना जा सके, सर्वथा प्रतिषिद्ध है और अन्य आधारों के अतिरिक्त, उसकी अभ्यर्थिता निरस्त किये जाने का आधार होगा।

3. Writing of all answers must be clear & legible. If the writing of Answer Book written by any candidate is not clear or is illegible in view of Valuer/Valuers then the valuation of such Answer Book may not be done.
   सभी उत्तरों की लिखावट स्पष्ट और पठनीय होना आवश्यक है। किसी परीक्षार्थी के द्वारा लिखी गई उत्तर–पुस्तिका की लिखावट यदि मूल्यांकनकर्त्ता/मूल्यांकनकर्त्तागण के मत में अस्पष्ट या अपठनीय होगी तो ऐसी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

P.T.O.

**Q.No./प्र.क्र.** **Marks/अंक**

## CONSTITUTION OF INDIA
## भारत का संविधान

1. How does the Constitution protect Civil Servants against arbitrary dismissal or reduction in rank ? Discuss.

   लोकसेवकों के मनमाने ढंग से पदच्युत या पदावनत किये जाने के विरूद्ध संविधान किस प्रकार संरक्षण प्रदान करता है ? विवेचना कीजिये। 7

2. Is government liable for the wrongful act committed by its servants during the course of their employment ? Discuss.

   क्या सरकार उसके सेवकों द्वारा उनके नियोजन के दौरान किये गये दोषपूर्ण कार्यों के लिये दायी है ? विवेचना कीजिये। 7

## CIVIL PROCEDURE CODE, 1908
## सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

3. What is the scope of compromise in civil suits ? Whether such property could be included in the compromise, which is not subject matter of the suit ? What extent Principle of Estoppel applies in cases of compromise ? Describe.

   सिविल वादों में समझौता का विस्तार क्या है ? क्या समझौता में ऐसी सम्पत्ति सम्मिलित की जा सकती है जो वाद की विषय वस्तु नहीं है ? समझौता के मामले में विबंध का सिद्धान्त कहाँ तक प्रयुक्त होता है ? वर्णन कीजिये। 7

4. Distinguish between Res-judicata & Res subjudice. Whether principle of Res-judicata would be applicable against Co-defendants ?

   प्राड्न्याय एवं विचाराधीन न्याय में विभेद कीजिये। क्या सहप्रतिवादियों के मध्य प्राड्न्याय का सिद्धान्त लागू होगा ? 7

## TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882
## संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

5. What are necessary conditions for applicability of "Doctrine of Part Performance" ? Who can use this principle ? Whether the transferee can be deprived of benefit of this principles, whose right of specific performance had become time barred ?

आंशिक पालन के सिद्धान्त को लागू करने के लिए आवश्यक शर्तों को स्पष्ट कीजिए । इस सिद्धान्त को कौन उपयोग में ला सकता है ? क्या इस सिद्धान्त के लाभ से ऐसे अन्तरिती, जिसका विशिष्ट अनुपालन का अधिकार अवधि बाधित हो चुका हो, को वंचित किया जा सकता है ? 7

6. Define vested interest and contingent interest. Distinguish between vested interest and contingent interest.

निहित हित एवं समाश्रित हित को परिभाषित कीजिये। निहित हित तथा समाश्रित हित में विभेद कीजिये । 7

## INDIAN CONTRACT ACT, 1872
## भारतीय संविदा अधिनियम, 1872

7. What are the provisions of quasi contract in the Contract Act ? Explain.

संविदा अधिनियम के अंतर्गत सदृश (कल्प) संविदा के क्या प्रावधान हैं ? स्पष्ट करें। 7

8. Discuss the effect of mutual mistake and unilateral mistake in the formation of a contract.

संविदा करते समय पारस्परिक भूल एवं एकपक्षीय भूल के प्रभाव की विवेचना कीजिए। 7

## SPECIFIC RELIEF ACT, 1963
## विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963

9. Explain the circumstances under which an instrument may be rectified. Whether a written contract can be enforced after rectification ?

उन परिस्थितियों को स्पष्ट करें जिनमें एक लिखत परिशुद्ध किया जा सकता है। क्या एक लिखित संविदा परिशुद्धि पश्चात् प्रवर्तन कराई जा सकती है ? 7

## LIMITATION ACT, 1963
## परिसीमा अधिनियम, 1963

10. What is legal disability ? Examine the impact of legal disability on the period of limitation.

विधिक निर्योग्यता क्या है ? परिसीमा के अवधि पर विधिक निर्योग्यता के प्रभाव का परीक्षण करें । **7**

## M.P. LAND REVENUE CODE, 1959
## म.प्र. भू–राजस्व संहिता, 1959

11. Explain the remedy available to the occupancy tenant and government lessee against the wrongful dispossession.

मौरूसी कृषक एवं शासकीय पट्टेदार को दोषपूर्ण बेदखली के विरूद्ध उपलब्ध उपचार को स्पष्ट करें। **7**

## M.P. ACCOMODATION CONTROL ACT, 1961
## म.प्र. स्थान नियंत्रण अधिनियम, 1961

12. Whether the landlord under the M.P. Accommodation Control Act can file a suit for eviction in the situation when the tenant has occupied without his written permission such portion of the accommodation, which is not included in tenanted premises ? Describe the procedure to be followed, when an order for ejectment is passed on above ground ?

क्या म.प्र. स्थान नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत मकान मालिक निष्कासन के लिए उस स्थिति में भी वाद प्रस्तुत कर सकता है जबकि किरायेदार ने उसकी लिखित अनुज्ञा के बिना उस स्थान के ऐसे भाग पर भी कब्जा कर लिया है जो कि उसको भाड़े पर दिए गए स्थान में सम्मिलित नहीं है ? इस दशा में अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया का वर्णन कीजिए जबकि उपरोक्त आधार पर बेदखली के लिए आदेश पारित किया गया है ? **7**

## HINDU MARRIAGE ACT, 1955
## हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

13. What are the essentials for grant of divorce by mutual consent of the parties ? Whether consent once given can be withdrawn by one of the parties ? If, yes, what would be the result ?

उभयपक्ष की सहमति से तलाक प्रदान करने की आवश्यकताएँ क्या हैं ? क्या एक बार सहमति देने के बाद पक्षकारों में से एक वापिस ले सकता है ? यदि हाँ, तो परिणाम क्या होगा ? **7**

**OR / अथवा**

**HINDU SUCCESSION ACT, 1956**
**हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956**

'A' the only son of 'B' and coparcener in a joint Hindu family governed by mitakshara have murdered 'B', who died intestate, who will succeed to the property of 'B' ? Explain with reference to relevant provisions of law.

मिताक्षरा विधि से शासित एक संयुक्त हिन्दू परिवार का सहदायिक ''ब'' की उसका एकमात्र पुत्र ''अ'' हत्या कर देता है । ''ब'' की निर्वसीयत मृत्यु पर उसकी संपत्ति का कौन उत्तराधिकारी होगा ? सुसंगत विधिक प्रावधानों के संदर्भ में स्पष्ट करें। **7**

**MIXED**
**मिश्रित**

14. **Write Short-Notes on : -** **3 X 3 = 9**

(a) Colourable legislation

(b) Necessary party and proper party

(c) Transfer by co-sharer

**संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये :–**

**(अ)** आभासी विधायन

**(ब)** आवश्यक पक्षकार एवं उचित पक्षकार

**(स)** सह–अंशधारी के द्वारा अंतरण

*******